Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of Oct– 2023

No. IB/ETC/GZB/2023--24/06

1. - केस स्टडी -1

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 03.10.2023 | 28147/LDH | NAS-BEN | अंबाला |
| UOR/फेलियर विवरण | SNL-DOA सेक्शन के बीच लोको पायलट द्वारा जर्क महसूस करके रिपोर्ट करने के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनाक 03.10.2023 को गाड़ी स० 28147/LDH के लोको पायलट ने कन्ट्रोल को सेक्शन SNL-DOA के बीच हैवी जर्क लगने की सूचना दी। जिसकी सूचना मिलने पर SSE/LDH और CLI/UMB द्वारा इन्वेस्टीगेशन करने पर उन्होंने पाया की लोको की बायीं और व्हील न० 1 के एक़्वलाइज़िन्ग बीम स्टोन / बैलेस्ट के कुछ निशान है है और व्हील न० 1,3,5 पर भी स्टोन / बैलेस्ट के कुछ निशान है सारे ब्रेक ब्लाक सही पाए गए। जिसके बाद लोको को होम शेड तक 30 kmph की गति से ले जाया गया। शेड द्वारा एक्सल बॉक्स, एक़्वलाइज़िन्ग बीम एवं फ्रंट बोगी के व्हील पर स्टोन / बैलेस्ट के माइनर निशान बताये गए और लोको को गाड़ी कार्य के लिए सामान्य घोषित किया। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | -------- | | |
| टिप्पणी | गलत कार्य :<br>1. लोको पायलट द्वारा ट्रैक पर बैलेस्ट न देखने एवं ठीक से कारण को समझे बिना जल्दबाजी में जर्क सबंधी सूचना कन्ट्रोल को दी गयी। जिस कारण अनावश्यक गाड़ी विलंबन हुआ।<br>2. इंजीनियरिंग विभाग द्वारा स्टोन/ बैलेस्ट को लोको की उंचाई के हिसाब से ही ट्रैक पर गिराना चाहिए।<br>3. शेड की रिपोर्ट के अनुसार SSE/LDH और CLI/UMB द्वारा किये गये जॉइंट चेक की ऑब्जरवेशन गलत थी। जिस कारण एक अनावश्यक लोको फेलियर हुआ। | | |

2. - केस स्टडी -2

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 03.10.2023 | 37384/GMO | 12392 | लखनऊ |
| UOR/फेलियर विवरण | दिनांक 03.10.2023 को लोको स० 37384/GMO गाड़ी स० 12392 के क्रू द्वारा समपार फाटक से पहले ट्रेन खड़ी करने के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक 03.10.2023 को लोको स० 37384/GMO, गाड़ी स० 12392 के क्रू द्वारा समय 02:29 मिनट पर बीरापट्टी-शिवपुर सेक्शन के मध्य समपार फाटक -8 स्पेशल से पहले KM no. 778/38 के पास ट्रैक पर एक ट्रक को फंसा देखकर इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को खड़ा कर दिया और घटना की जानकारी कन्ट्रोल को दी जिसके बाद ट्रैक को साफ़ करने के बाद उपरोक्त गाड़ी का प्रस्थान हुआ। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | यातायात के नियमो से सम्बंधित सहायक नियम – 6.07/1 एवं 6.07/3 के अनुसार कार्यवाही करे। | | |
| टिप्पणी | अच्छा कार्य – उपरोक्त गाड़ी के क्रू द्वारा संरक्षित गाड़ी परिचालन का ये एक अच्छा उदाहरण है। जिस कारण एक संभावित दुर्घटना को टाला जा सका। | | |

3. - केस स्टडी -3

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 30.10.2023 | 37136/GZB | 12476 | दिल्ली |
| UOR/फेलियर विवरण | दिनांक 30.10.2023 को लोको स० 37136/GZB गाड़ी स० 12476 के लिए बुक करने के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक 30.10.2023 को लोको स० 37136/GZB को गाड़ी स० 12476 के लिए SVDK स्टेशन से बुक किया गया तथा समय 17:24 बजे LDH से प्रस्थान होकर समय 19:21 बजे अंबाला पहुची जहा उक्त लोको के विषय में बताया गया की वर्किंग कैब का RS- हैंडल फ्री मूव कर रहा है अर्थात कार्यरत नहीं है। इसके बाद भी समय 19:29 बजे गाड़ी को अंबाला से नयी दिल्ली के लिए चला दिया गया। समय 22:52 बजे नयी दिल्ली में गाड़ी का प्रस्थान हुआ और अंतत : लोको को नयी दिल्ली में डीटेच किया गया और दूसरा लोको स० 37488/KYN को गाड़ी के साथ अटैच किया गया जिसके बाद समय 23:53 बजे गाड़ी का प्रस्थान हुआ। | | |
| सामन्य / सहायक नियमानुसार / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | ------ | | |
| टिप्पणी | गलत कार्य : स्पस्ट है गाड़ी मेंटेनेंस staff SVDK , TLC /FZR , TLC /UMB द्वारा संरक्षा को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया है साथ ही लोको क्रू को भी RS हैंडल के कार्य की जाँच करनी चाहिए थी। यदि वह कार्यरत नहीं था तो लोको पायलट को उसका चार्ज नहीं लेना चाहिए था भले ही SSE/TLC द्वारा लोको को उसी स्थिति के साथ allow ही क्यों न किया गया हो। उपरोक्त घटना संरक्षा से सम्बंधित होने के कारण बिलकुल भी स्वीकार्य नहीं है। | | |

4. - केस स्टडी -4

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 06.10.2023 | 22355/VTA | 20914 | दिल्ली |
| UOR/फेलियर विवरण | दिनांक 06.10.2023 को लोको स० 22355/VTA गाड़ी स० 20914 का PTNR-DEC के बीच लोको में ट्रबल आने के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक 06.10.2023 को लोको स० 22355/VTA गाड़ी स० 20914 का PTNR-DEC के बीच न्यूट्रल सेक्शन पास करने के बाद लोको में नाच आना बंद हो गया जिसके बाद लोको पायलट द्वारा कोस्टिंग में DEC तक गाड़ी को चलाया गया और समय 13:53 बजे लोको पायलट ने TLC को सूचना दी और बताया की उसने रिले Q-51, Q-52 और रिले Q-50 की जाँच की और सभी को सामान्य पाया जिसके बाद उसने SMGR हैंडल द्वार 2-3 बार नौच ली और घटाई जिसके बाद लोको सामान्य हो गया और समय 13:58 बजे गाड़ी का DEC से प्रस्थान हुआ। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | **नाच न आने पर /LSGR न बुझने पर कार्यवाही -**<br>MP से नाच लेने पर यदि नाच नहीं आते है तो LSGR लैप नहीं बुझेगा।<br>1. LSB लैंप का बुझा होना सुनिश्चित करे। यदि LSB लैंप जल रहा है तो उससे सम्बंधित ट्रबलशूटिंग करे।<br>a. BP प्रेशर 5.0 Kg/cm² होना सुनिश्चित करके A-9 से BP प्रेशर 3.0 Kg/cm² तक प्रेशर ड्राप करे उसके बाद A-9 को पुन: रिलीज पर रखे।<br>2. EEC के द्वारा ट्रैक्शन लेने की कोशिश करे ।<br>3. BL key को 2-3 बार ऑपरेट करे।<br>4. रिले Q-51 का डीइनरजाइज होना सुनिश्चित करे। यदि इनरजाइज है तो-<br>(i)QRS का डीइनरजाइज होना सुनिश्चित करे।<br>(ii) यदि डीइनरजाइज है तो RGEB -2 का कॉक खुला होना सुनिश्चित करे।<br>(iii) फ्यूज CCLS का सही होना देखे। | | |

| | |
|---|---|
| | (iv) यदि उपरोक्त सब सही है तो QRS को इनरजाइज हालत में वेज करे।<br>(v) यदि रिले QRS इनरजाइज है तो रिले PR-2 का डीइनरजाइज होना सुनिश्चित करे यदि इनरजाइज हो तो डीइनरजाइज हालत में वेज करे।सफलता न मिले तो<br>(vi) SIV युक्त माइक्रोप्रोसेसर बेस्ड लोको में रिले Q-51 को डीइनरजाइज हालत में वेज करे।<br>(vii) स्विच HPAR /HQ- 51 की पोजीशन बदलकर देखे।<br>5. रिले Q-52 का डीइनरजाइज होना सुनिश्चित करे यदि इनरजाइज मिले तो हाथ से दो तीन बार ऑपरेट करे। यवि Q-52 इनरजाइज बनी रहती है तो TLC को सूचित करे।।<br>6. यदि रिले Q-51 और Q-52 डीइनरजाइज मिले तो –<br>(i)SMGR का प्रेशर 2.5 – 3.8 kg/cm² होना सुनिश्चित करे।<br>(ii) स्विच ZSMS का सही पोजीशन पर होना सुनिश्चित करे।<br>(iii) सुनिश्चित करे की पेको स्विच(SMGR हैंडल के नीचे लगा स्विच) दबी हुयी अवस्था में न हो।<br>(iv) GR को SMGR हैंडल द्वारा 0 से 1 तथा फिर 1 से 0 तक ऑपरेट करे तथा ट्रैक्शन लेने की कोशिश करे। यदि अब भी सफलता नहीं मिलती है तो पिछली कैब से ब्लाक सेक्शन साफ़ करे। सफलता मिलने पर GR का मैन्युअल कंट्रोल करके नियमानुसार अधिकतम 15 KMPH की गति से ब्लाक सेक्शन साफ़ करे एवं TLC को सूचित करे। |
| **टिप्पणी** | **अच्छा कार्य – लोको पायलट द्वारा लोको के विषय में अपनी सूझबूझ का सही इस्तेमाल किया गया जिस कारण एक अनावश्यक फेलियर और गाड़ी विलंबन को बचाया जा सका।** |

**5. - केस स्टडी - 5**

| **दिनांक** | **लोको न० / शेड** | **गाड़ी न०** | **मंडल** |
|---|---|---|---|
| 03.102023 | 33380/BL | MIGK BOX | दिल्ली |
| **UOR/फेलियर विवरण** | दिनांक 03.10.2023 को लोको स० 33380/BL गाड़ी स० MIGK BOX के लोको में खराबी आने के सम्बन्ध में। | | |
| **लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग** | दिनांक 03.10.2023 को लोको स० 33380/BL गाड़ी स० MIGK BOX का समय 16:58 बजे DKZ से प्रस्थान हुआ। न्यूट्रल सेक्शन पास करने के बाद समय 17:14 मिनट पर गाड़ी PF-11 पर बिना पूरा प्लेटफॉर्म पर आये खड़ी हो गयी। LP ने रिपोर्ट किया की लोको में VCB stuck के मेसेज के साथ TB-1 आइसोलेट हो गयी और लोको नोड 592 पर अटक गया है जिस कारण ट्रैक्शन नहीं आया, जिसके बाद लोको पायलट में MCE को रिसेट किया और उसे सफलता मिल गयी। | | |
| **TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही** | SSE ELS GZB से विचार विमर्श के बाद यह निष्कर्ष निकला की। लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही उचित थी जो की एक लोको पायलट द्वारा की जानी चाहिए।<br>नोड 592 आना इस बात की और संकेत करता है की हार्मोनिक फ़िल्टर एडॉप्शन कांटेक्टर 8. 2 बंद नहीं हुआ है। जिसके कारण नोड 592 से आगे नहीं बढेगा। ऐसी स्थिति में यदि MCE रिसेट करने के बाद भी सफलता न मिले तो स्विच 154 के द्वारा बोगी-1 को आइसोलेट करके हाफ ट्रैक्शन के साथ कांटेक्टर 8.2 की stuck-up स्थिति में गाड़ी कार्य संभव है। यदि फिर भी सफलता नहीं मिलती है तो TLC को सूचित करे और उनके निर्देशानुसार कार्य करे। | | |
| **टिप्पणी** | **अच्छा कार्य – लोको पायलट द्वारा लोको के विषय में अपनी सूझबूझ का सही इस्तेमाल किया गया जिस कारण एक अनावश्यक फेलियर और गाड़ी विलंबन को बचाया जा सका।** | | |

## विशेष:-

**6.0 चलती गाड़ी में अचानक BP प्रेशर ड्राप होने के कारण गाड़ी खड़ी हो जाने पर की जाने वाली कार्यवाही:-**

1. सर्वप्रथम GR/SR के नियमानुसार गाड़ी के बचाव से सम्बंधित कार्यवाही करे।

2. लोको और गाड़ी के बीच एंगल कॉक को बंद करके लोको में BP प्रेशर बनाये **यदि BP प्रेशर बन जाता है तो इसका अर्थ है की लीकेज गाड़ी में है।** उचित कार्यवाही करके लीकेज बंद करके गाड़ी कार्य करे।

3. यदि लोको में BP प्रेशर नहीं बन पा रहा है तो निम्नानुसार कार्यवाही करे –

**कन्वेंशनल लोको है तो –**

i. MR प्रेशर पूरा होने की तसल्ली करें।

ii. MV-4 कट आउट कॉक खुला होने की तसल्ली करें।

iii. A-9 के हैंडल दोनों कैबों में रिलीज पोजीशन पर होने की तसल्ली कीजिए।

iv. A-9 के दोनों कट आउट कॉक काम करने वाली कैब में पूरे खुले तथा पिछली कैब में बन्द होना देखिये ।

v. एडिशनल BP एंगल कॉक का खुला होना सुनिश्चित करे।

vi. $MU_2B$ वाल्व का लीड पोजीशन पर होना देखिये।

vii. लीड एंड ट्रेल (L&T) कॉक का खुला होना देखिये।

viii. ब्रेक पाइप एंगल कॉक का बन्द हालत में होना देखिये।

ix. MR ड्रेन कॉक RS-1 तथा RS-2, IP वाल्व या ब्रेक पाइप में हवा के लीकेज की जांच कीजिए और उसे ठीक कीजिए।

x. एडिशनल $C_2$ रिले वाल्व को थोड़ा टेप करके कोशिश करें।

नोट:- VCD युक्त लोको में VCD के सामान्य हालत में होने की तसल्ली करें।

**थ्री फेज लोको है तो –**

i. MR प्रेशर 8 से 10 Kg/cm² होना सुनिश्चित करे।

ii. दोनों एंड के BP एंगल कॉक का क्लोज होना सुनिश्चित करे।

iii. दोनों एंड के BP एडिशनल कॉक का खुला होना सुनिश्चित करे।

iv. सुनिश्चित करे की लीडिंग कैब में A-9 रन पोजीशन पर है तथा पिछली कैब में A-9 न्यूट्रल पोजीशन पर है।

v. SB-2 पैनल पर ब्रेक पैनल MCB 127.7 का ट्रिप होना देखे यदि ट्रिप है तो उसे नियमानुसार ऑन करे।

vi. दोनों एंड के RS कॉक का क्लोज होना सुनिश्चित करे।

vii. न्यूमेटिक पैनल पर कॉक न० 70 की पोजीशन चैक करे।

viii. दोनों कैब में स्विच ZBAN का ऑफ होना सुनिश्चित करे।

ix. इमरजेंसी ब्रेक वाल्व एप्लीकेशन मेसेज के लिए चैक करे।

x. BPEMS की स्थिति चैक करे। रिलीज पोजीशन में होना सुनिश्चित करे।

xi. सुनिश्चित करे की VCD एक्टिवेट तो नहीं है।

xii. यदि फिर भी BP चार्ज नहीं हो रहा है तो CE को ऑफ तथा ऑन करे और कोशिश करे।

xiii. स्पीडोमीटर की MCB 127.92 को ट्रिप करके देखे।

xiv. यदि TPWS फिटेड लोको है तो TPWS आइसोलेट कॉक को बंद करके देखे।

xv. यदि फिर भी BP चार्ज न हो तो TLC से संपर्क करे।

**वीरेंद्र कुमार /मु.लो.नि./वि.प्र.के., गाजियाबाद**

(सरताश कुमार)

**(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)**

**न० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1** **दिनांक – 16.11.2023**

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/मोबिलिटी, उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण/मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।